मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 21, मुंबई, मंगलवार, 6 मई, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

फर्स्ट क्लास हो या पास क्लास
पेडे बाँटो टॉप क्लास
Discount On Sweets
SSC/HSC Students
35% to 70% ➢ 7%
71% to 90% ➢ 10%
91% & above ➢ 25%
Please bring your mark sheet
*T&C apply
MM MITHAIWALA शांती
www.mmmithaiwala.com
9820999501 / 03
Star Plaza, Carter Road No. 6, Borivali East

DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## लाडली बहना योजना के लाभार्थियों को बड़ा झटका

### फडणवीस सरकार के मंत्री ने कहा- नहीं दे सकते 2100 रुपये



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति ने लाडली बहनों को 2100 रुपए हर महीने देने का वादा किया था। लेकिन सरकार बनने के बाद वादे को पूरा करने में आनाकानी हो रही है। अब महायुति सरकार के मंत्रियों ने ही कह दिया है कि 1500 रुपये को 2100 रुपये करना मुश्किल है। इससे लाडली बहनों को निराशा हुई है। सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने कहा है कि राज्य की आर्थिक स्थिति को ठीक करना एक बड़ा मुद्दा है। उन्होंने यह भी कहा कि 1500 को 2100 करना संभव नहीं है। वहीं दूसरी ओर एनसीपी के हसन मुश्रीफ ने शिरसाट के बयान पर असहमति जताई है। उन्होंने कहा कि शिरसाट को वित्त विभाग के अधिकारियों से बात करनी चाहिए थी। सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने कहा है कि 1500 रुपये को 2100 रुपये करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि कई लोग लाडली बहना योजना को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि यह योजना बंद हो जाएगी या पैसे कम मिलेंगे। ऐसा कुछ नहीं है। हम योजना के लिए पैसे देंगे। यह हमारा वादा है और हम इसे पूरा करेंगे। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## मैं अभी भी सीएम बनने का इंतजार कर रहा हूं...



### फिर छलका अजित पवार का दर्द

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड जीत के बाद देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री की कुर्सी पर पांच साल लौटे हैं लेकिन उनकी सरकार में डिप्टी सीएम अजित पवार एक बार फिर से शीर्ष पोस्ट की इच्छा व्यक्त की है। महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) द्वारा आयोजित गौरवशाली महाराष्ट्र कार्यक्रम में यह बात कही। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राही भिडे कहा कि महाराष्ट्र को एक महिला मुख्यमंत्री मिलनी चाहिए, तो वहां पर मौजूद अजित पवार ने अब मुझे भी कई बार लगता है कि मुझे मुख्यमंत्री बनना चाहिए था, लेकिन अब तक वह योग नहीं आया। शायद कभी ना कभी वह मौका आ जाएगा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## इस बार नहीं होगी पानी की कटौती



### मनपा ने किया ऐलान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही जलसंकट शुरू हो जाता है। महाराष्ट्र में कई ऐसे कई स्थान हैं जहां सूखे के हालात हो जाते है। बड़े शहरों में भी पानी की किल्लत शुरू हो जाता है। इन सब के बीच महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के निवासियों के लिए एक अच्छी खबर आई है। यहां के लोगों को फिलहाल पानी की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने सोमवार को कहा कि मुंबई में फिलहाल पानी की कटौती नहीं की जाएगी, भले ही शहर के जलाशयों में सिर्फ 22.66 प्रतिशत पानी का भंडार शेष है। बीएमसी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि देश की आर्थिक राजधानी को पानी आपूर्ति करने वाले सात जलाशयों में मौजूदा भंडार को जुलाई के अंत तक चलाने की योजना बनाई गई है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## दहिसर पूर्व से मीरा भाईंदर तक शुरू होने जा रही मेट्रो

### 10 मई से दहिसर से काशीगांव स्टेशन के बीच बिजली आपूर्ति हो जाएगी शुरू

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने मुंबई के एक और मेट्रो लाइन पर इस महीने ट्रायल रन शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। मेट्रो-9 कॉरिडोर के 4.973 किमी के मार्ग पर ट्रायल रन शुरू करने के लिए शनिवार यानी 10 मई से बिजली की आपूर्ति आरंभ कर दी जाएगी। 4.973 किमी के मार्ग पर बिजली की आपूर्ति शुरू कर आवश्यक जांच के बाद मई के अंतिम सप्ताह मेट्रो का ट्रायल रन शुरू हो सकता है। वर्ष के अंत तक इस रूट पर मेट्रो के द्वार आम जनता के लिए खुल सकते हैं। दहिसर (पूर्व) से मीरा भाईंदर के बीच 13.5 किमी के मार्ग पर मेट्रो 9 का निर्माण कार्य चल रहा है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### जल्द सेवा शुरू करने का दबाव

मेट्रो-9 कॉरिडोर का निर्माण कार्य 2019 से चल रहा है। अक्टूबर 2024 तक पुरे रूट पर सेवा शुरू होनी थी। निर्माण कार्य में देरी समेत अन्य कारणों से अब तक मेट्रो सेवा शुरू नहीं हो पाई है। वहीं, जारी निर्माण कार्य की वजह से स्थानीय नागरिकों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों को राह पहुंचाने के लिए एमएमआरडीए अब पूरे रूट के बजाए जितना काम हो गया है, उतने रूट पर सेवा शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। इसी तरह मेट्रो-2 बी और मेट्रो 4 के कुछ हिस्सों में इस वर्ष मेट्रो दौड़ाने का प्लान तैयार किया गया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### भारत का पार्टनर कौन?

**दोस्ती या संबंध का इम्तिहान संकट के समय होता है। भारत के सामने सबसे ताजा चुनौती आतंकवाद और उसके संरक्षक- पाकिस्तान को माकूल जवाब देने की है। इस मुद्दे पर अमेरिका और रूस दोनों एक जगह खड़े नजर आए हैं।**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत सहभागियों की तलाश में है, उसे उपदेशकों की जरूरत नहीं है। खासकर ऐसे उपदेशकों की तो बिल्कुल नहीं, जो अपने घर में व्यवहार कुछ और करते हैं और बाहर उपदेश कुछ और देते हैं। जयशंकर ने यह बात यूरोप को निशाने पर रखते हुए कही। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी और रूसी यथार्थ की चर्चा की। कहा- भारत और रूस एक दूसरे के पूरक हैं- एक संसाधन प्रदाता है और दूसरा उपभोक्ता। रूस- यूक्रेन युद्ध के सिलसिले में पश्चिमी नजरिए की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी दृष्टि यथार्थवाद की बुनियाद को चुनौती देती है। फिर जोड़ा- जिस तरह मैं रूसी यथार्थवाद का पैरोकार हूं, उसी तरह अमेरिकी यथार्थवाद का भी। अमेरिका से संबंध बनाने का सर्वश्रेष्ठ तरीका पारस्परिक हितों की तलाश है, ना कि मतभेदों को सामने लाना और साथ काम कर सकने की संभावना पर उन्हें हावी हो जाने देना। तो यह यूरोप, अमेरिका और रूस के बारे में भारत की वर्तमान विदेश नीति की व्याख्या है। मगर सवाल है कि इस यथार्थवादी दृष्टि से हासिल क्या हो रहा है? हर दोस्ती या संबंध का इम्तिहान संकट के समय होता है। भारत के सामने सबसे ताजा चुनौती आतंकवाद और उसके संरक्षक- पाकिस्तान को माकूल जवाब देने की है। मगर इस मुद्दे पर अमेरिका और रूस दोनों एक जगह खड़े नजर आए हैं। दोनों चाहते हैं कि भारत कोई ऐसी कार्रवाई ना करे, जिससे इस क्षेत्र में बड़े टकराव की शुरुआत हो। रूस ने तो द्विपक्षीय वार्ता से हल निकालने का सुझाव दे दिया है। यूरोपियन यूनियन का भी यही नजरिया है, जिसे भारत खोखला उपदेश मानता है। उधर अमेरिका ने व्यापार युद्ध छेड़ते समय भारत के प्रति कोई नरमी नहीं बरती है। दरअसल, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद हुई अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया कुल मिला कर भारत के अनुकूल नहीं रही है। इसलिए यह इस प्रश्न पर आत्म-मंथन का वक्त है कि सबसे संबंध रखने और समान पार्टनर तलाशने की भारत की विदेश नीति से असल लाभ क्या हुआ है? इस सवाल से आंख मूंदना बुद्धिमानी की बात नहीं होगी।

# शांतिपूर्ण बौद्ध रीति-रिवाज से राहुल भारती और रजनी गौतम का विवाह सम्पन्न, योग गुरु राधेश्याम जयसवार बने मुख्य अतिथि

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**जौनपुर।** ग्राम अंबेडकर नगर औरा जमालपुर, जिला जौनपुर में 4 मई 2025 को बहुजन समाज के गौरव श्री राहुल भारती और सुश्री रजनी गौतम का विवाह समारोह बड़े ही धूमधाम एवं शांति के साथ सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर योग ग्रैंडमास्टर, अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट एवं द ह्यूमन योग फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री योग गुरु राधेश्याम जयसवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए योग गुरु राधेश्याम जयसवार ने बताया कि यह विवाह समारोह बहुजन समाज के उत्थान का प्रतीक है। उन्होंने कहा, श्री राहुल भारती जी ने मुझे इस शुभ अवसर पर आमंत्रित कर जो सम्मान दिया, उसके लिए मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। यह विवाह बौद्ध धर्म की परंपराओं के अनुसार शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें बौद्ध भिक्षुओं ने मंत्रोच्चार के साथ विवाह संस्कार पूर्ण कराया। उन्होंने आगे कहा कि बौद्ध विवाह का महत्व केवल एक संस्कार तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह गौतम बुद्ध की करुणा, शांति और समता की विचारधारा को जीवन में आत्मसात करने का प्रतीक होता है। दोनों ही परिवार बहुजन समाज से संबंधित हैं और यह विवाह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता का अनुपम उदाहरण बन गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विवाह स्थल की सुंदर सजावट, अनुशासित आयोजन और आध्यात्मिक वातावरण ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। योग गुरु राधेश्याम जी ने बहुजन समाज से आग्रह किया कि वे बौद्ध रीति से विवाह कर सामाजिक एकता और बौद्धिक जागरूकता को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा, गौतम बुद्ध की विचारधारा अपनाने से न केवल परिवार में शांति बनी रहती है, बल्कि समाज में भी नई चेतना का संचार होता है। यह एक ऐसा कदम है, जिससे समाज में सच्चे बदलाव की नींव रखी जा सकती है। समारोह का समापन जय भीम, नमो बुद्धाय और जय अंबेडकरवादी नारों के साथ हुआ।

# योगी सरकार की मंशा पूर्ण करने में सफल कानपुर के सीपी अखिल का परिश्रम, ई सिगरेट तस्कर गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**कानपुर।** यहां कमिश्नरेट पुलिस की सक्रियता हर तरह के अपराधों पर अपना मजबूत शिकंजा करते हुए उन्हें माल गिरफ्तार कर जेल भेजने में भी लगातार सफल चल रही है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की ईमानदार पूर्ण नेतृत्व कुशलता के फल स्वरुप कमिश्नरेट पुलिस का यह अभियान मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ भी लगातार जारी है। जिसके क्रम में साउथ पुलिस के नारकोटिक्स सेल ने लाखों की कीमत वाली 350 ई सिगरेट समेत एक तस्कर को सटीक सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक जूही थाना क्षेत्र में पकड़ा गया आरोपी तुषार वर्मा काफी अरसे से इसी धंधे में लिप्त था ,जिसे यहां अपनी चुनौती पूर्ण नियुक्ति के बाद से ही योगी सरकार की मंशा के अनुरूप कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में अग्रणी अपने कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने वाले पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की परिश्रम पूर्ण नेतृत्व कुशलता ने गिरफ्तार करवा दिया। यह भी अवगत कराते चलें कि निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की विचारधारा के अनुरूप निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के एडीजी अखिल कुमार कानपुर के पहले ऐसे पुलिस कमिश्नर हैं, जिन्होंने हर तरह के अपराधियों के खिलाफ जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर सराहनीय कार्रवाई के रिकॉर्ड भी तोड़े हैं। वह चाहे घटनाओं के सटीक खुलासे के साथ ही शातिरों को जेल का रास्ता दिखाने का मामला हो या फिर उनकी गिरफ्तारी में विशेष रूप से सहायक त्रिनेत्र अभियान के तहत सैकड़ों कैमरे लगवाने का मामला, ट्रैफिक व्यवस्था को पहले से बहुत बेहतर बनाने में मिली सफलता हो अथवा सभी त्योहारों और पर्वों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने का मामला, और इसमें भी पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली भावी पीढ़ियां भी जिसे सदैव याद रखेंगी, वह है विश्व पत्रकारिता के इतिहास में पहली बार किया गया पत्रकारिता की आढ़ में सक्रिय रहा अवनीश दीक्षित जैसे शातिर अपराधी माफिया गिरोह का भंडाफोड़। जिसका पूर्ण श्रेय कठोर परिश्रम वाले जुझारू पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की कर्तव्य निष्ठा, उनकी ईमानदारी और उनकी निडरता को ही जाता है।

# कानपुर में जूता कारखाने में आग से कारोबारी की पत्नी और तीन बेटियों की जलकर मौत

**कानपुर।** चमनगंज थानाक्षेत्र के घनी आबादी वाले प्रेमनगर इलाके में 6 मंजिला मंजिल में स्थित जूता बनाने के कारखाने में आग लगने से कारोबारी की पत्नी और उसकी तीन बेटियों की जलकर मौत हो गई फायर ब्रिगेड को इस आग पर काबू पाने के लिए सोमवार की सुबह तड़के तक भारी मसक्कत करनी पड़ी। सूचना पर पुलिस प्रशासन की वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई गई है जिसकी जांच के भी आदेश दिए गए हैं। प्रेमनगर में दानिश की छह मंजिला इमारत है। इसमें दानिश और उसके भाई कासिफ का ही परिवार रहता है। भूतल पर दानिश का मिलिट्री के जूते बनाने का कारखाना है। इसके ऊपर गोदाम है। इमारत के अन्य तलों में जूते रखे हुए थे। यहीं पर देर रात आग लग गई। जिसकी ऊंची-ऊंची लपटें देख अफरातफरी मच गई। सूचना पर दमकल की 35 गाड़ियां देर रात तक आग बुझाने की कोशिश में जुटी रहीं। जिसके बाद रात करीब तीन बजे दमकल कर्मियों ने इमारत में फंसे जूता कारोबारी दानिश, उसकी पत्नी नाजनीन और तीन बेटियों के जले हुए शव निकाले। शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया जा रहा है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# पत्रकार विकास संघ द्वारा सामाजिक समरसता हेतु क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

## कांदिवली के सरस्वती स्पोर्ट्स ग्राउंड में 22 मई को होगा आयोजन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** सामाजिक सौहार्द्र, समानता और आपसी संवाद को सशक्त करने के उद्देश्य से पत्रकार विकास संघ द्वारा एक भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 22 मई 2025 को कांदिवली (पश्चिम) स्थित सरस्वती स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में कुल आठ टीमें भाग लेंगी जिनमें पत्रकार, पुलिस, वकीलों, डॉक्टरों, व्यापारियों सहित कवियो की टीमों का समावेश रहेगा। आयोजन का शुभारंभ प्रातः 9 बजे होगा। पत्रकार विकास संघ लंबे समय से पत्रकारों के हितों के अलावा सामाजिक सौहार्द्र व समन्वय की दिशा में कार्य कर रहा है। यह क्रिकेट टूर्नामेंट उसी सामाजिक उद्देश्य का विस्तार है, जो खेल के माध्यम से विभिन्न वर्गों को एकजुट करने की रचनात्मक पहल है। पत्रकार विकास संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश मिश्र के अनुसार, यह टूर्नामेंट केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और सम्मान की भावना को बढ़ावा देने का मंच है। संघ ने आम नागरिकों और समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे सपरिवार इस आयोजन में पधारें, खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और सामाजिक समरसता के इस अनूठे प्रयास का हिस्सा बनें।




# पत्रकार सुनील शेवराबाई ज्ञानदेव भोसले दूसरी बार बने महाराष्ट्र राज्य लोकतांत्रिक पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष, पुणे में हुआ भव्य सम्मान समारोह

**पुणे।** पुणे सर्किट हाउस में आज महाराष्ट्र राज्य लोकतांत्रिक पत्रकार संघ (लोकशाही प्रेस संघ) की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले आदर्श पत्रकार सुनील शेवराबाई ज्ञानदेव भोसले को लगातार दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का सम्मान प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह में महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से आए घुमंतू, विमुक्त, जनजाति और आदिवासी वर्ग के पत्रकारों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री प्रताप सालुंखे पाटिल (प्रदेश अध्यक्ष) ने की, और मंच पर संस्थापक अध्यक्ष श्री भागवत वैद्य, महिला मोर्चा प्रमुख श्रद्धा कंदुदे, जयश्री बस्ते, नासिक मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कदम एवं पुणे प्रतिनिधि स्नेहा उत्तम मडावी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में सुनील (सुज्ञान) ज्ञानदेव भोसले को चयन प्रमाण पत्र भव्यता के साथ प्रदान किया गया। हलीमताई शेख और संजय बाबा सरोदे जैसे सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी गरिमामयी बना दिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित बैठक में पत्रकारों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें संगठन की आगामी दिशा, कार्य प्रणाली, पत्रकारिता में पारदर्शिता एवं जवाबदेही का निर्वहन, महिला पत्रकारों के लिए रोजगार सृजन के अवसर और सामाजिक रूप से वंचित समुदायों की आवाज को बुलंद करने जैसे विषय शामिल रहे। नंदा भंडारे (बीड) एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने संगठन को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव रखे और एकता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक ऊर्जा, पारस्परिक सहयोग और लोकतांत्रिक पत्रकारिता की सशक्त परंपरा को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।




# बदलापुर एनकाउंटर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाई कोर्ट का फैसला

**ठाणे।** पिछले साल महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में दो बच्चियों के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया था, जिसने ठाणे के साथ-साथ पूरे महाराष्ट्र को हिदा दिया था। इसके बाद बदलापुर एनकाउंटर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को बड़ी राहत दी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बदलापुर एनकाउंटर मामले में कथित तौर पर दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल, पिछले साल ठाणे जिले के बदलापुर में स्कूल की नाबालिग बच्चियों से यौन शोषण का मामला सामने आया था। इसका आरोपी अक्षय शिंदे 23 सितंबर 2024 को पुलिस एनकाउंटर में मारा गया था। इस मामले को लेकर अक्षय शिंदे के परिवार की तरफ से बंबई उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई और उन्होंने ठाणे पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर का आरोप लगाया। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान प्राथमिक तौर पर इस एनकाउंटर को संदिग्ध मानते हुए दोषी पुलिसकर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही पिछले हफ्ते हाई कोर्ट ने ठाणे पुलिस कमिश्नर को फटकार लगाते हुए 4 घंटे में इसका जवाब मांगा था। इस मामले को लेकर राज्य सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को मामले में सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और ठाणे पुलिस को बड़ी राहत दी। अदालत ने कथित तौर पर दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने के हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि इसकी जांच की जा सकती है, लेकिन दूसरी एफआईआर दर्ज करने की कोई जरूरत नहीं है। बता दें कि सफाई कर्मचारी अक्षय शिंदे पर दो नाबालिग बच्चियों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप था।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### दहिसर पूर्व से मीरा भाईंदर तक शुरू होने जा रही मेट्रो

पूरे रूट का सिविल वर्क नहीं हो पाने के कारण एमएमआरडीए ने एक साथ 13.5 किमी के मार्ग पर सेवा शुरू करने के बजाए दो फेज में सेवा शुरू करने की योजना बनाई है। पहले फेज के तहत दहिसर (पूर्व) से काशीगांव मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने का प्लान तैयार किया गया है। पहले फेज के 4.973 किमी के मार्ग पर मेट्रो के चार स्टेशन हैं। मेट्रो-9 कॉरिडोर के पूरे रूट का सिविल वर्क 95 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। पिछले महीने एमएमआरडीए ने मेट्रो-बी के मंडाले से डायमंड गार्डन मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो का ट्रायल रन शुरू कर दिया है। वर्ष के अंत तक इस मार्ग पर मेट्रो सेवा शुरू होने की उम्मीद है। मेट्रो-9 कॉरिडोर दहिसर (पूर्व) से अंधेरी (पूर्व) के बीच बने मेट्रो 7 और दहिसर (पूर्व) से अंधेरी (पश्चिम) के बीच बने मेट्रो-2 ए कॉरिडोर से कनेक्ट है। मेट्रो-9 के पुरे रूट के खुल जाने के बाद यात्री मीरा भाईंदर से अंधेरी तक मेट्रो में सफर कर सकेंगे। मेट्रो-9 का कारशेड अब तक तैयार नहीं हो पाया है। इस वजह से एमएमआरडीए ने चारकोप डिपो से मेट्रो-9 के रेक के रखरखाव की योजना बनाई है। मौजूदा समय में चारकोप डिपो से मेट्रो-7 और मेट्रो-2 ए कॉरिडोर के रेक का रखरखाव होता है।

### लाडली बहना योजना के लाभार्थियों को बड़ा झटका

राज्य की तिजोरी पर आर्थिक बोझ है। इसके लिए अलग-अलग विकल्प हैं। भले ही कर्ज लेना पड़े। लेकिन हम लाडली बहना योजना को बंद नहीं कर सकते। शिरसाट ने यह भी कहा कि लाडली बहन योजना के लिए पैसे कम पड़ रहे हैं। इसलिए आदिवासी विकास और सामाजिक न्याय विभागों का पैसा महिला और बाल कल्याण विभाग को दिया जा रहा है। उन्होंने इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना के बारे में फरवरी में मेरे पास एक फाइल आई थी। मैंने उसमें स्पष्ट रूप से लिखा था कि हम इस विभाग से अल्पसंख्यक और दलितों को सुविधाएं देते हैं। इसलिए इन विभागों के पैसे में कटौती नहीं करनी चाहिए। मेरे विभाग के पैसे को कम या ट्रांसफर नहीं करना चाहिए। शिरसाट ने लाडली बहना योजना के लिए सामाजिक न्याय विभाग का पैसा ट्रांसफर करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग में शकुनी बैठे हैं। उनका इशारा वित्त मंत्री अजित पवार की ओर था। उन्होंने कहा कि अगर विभाग की जरूरत नहीं है या उस विभाग के पैसे खर्च नहीं करने हैं, तो विभाग को बंद कर देना चाहिए। शिरसाट के आरोपों पर एनसीपी के हसन मुश्रीफ ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री संजय शिरसाट मेरे अच्छे दोस्त हैं। लेकिन वे अभी नए-नए मंत्री बने हैं। उन्हें वित्त विभाग के अधिकारियों से बात करनी चाहिए थी और स्थिति को समझना चाहिए था। अपने ही एक वरिष्ठ नेता को ऐसी उपमा देना गलत है। अजित दादा आसमान से पैसे नहीं लाएंगे और न ही वे पैसे घर ले गए हैं। हर महीने पैसे देते समय परेशानी होती है। यह स्वाभाविक है।

### इस बार नहीं होगी पानी की कटौती

महाराष्ट्र सरकार ने भातसा और अपर वैतरणा जलाशयों में मौजूद आपातकालीन भंडार से मुंबई को अतिरिक्त पानी देने की मंजूरी दी है। बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी द्वारा जल आपूर्ति की समीक्षा बैठक के बाद जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि अब पानी कटौती की आवश्यकता नहीं है। विज्ञप्ति के अनुसार, मुंबई को प्रतिदिन लगभग 3,800 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति भातसा, अपर वैतरणा, मिडल वैतरणा, तांसा, मोडक सागर, विहार और तुलसी जलाशयों से होती है, जो मुंबई, ठाणे और नासिक जिलों में स्थित हैं। बीएमसी ने यह भी कहा कि भविष्य में पानी की कटौती को लेकर कोई भी निर्णय भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) से समन्वय के बाद लिया जाएगा। इसके साथ ही बीएमसी ने नागरिकों से पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील भी की है।

### मैं अभी भी सीएम बनने का इंतजार कर रहा हूं...

कार्यक्रम में मौजूद तमाम लोग पवार के इस बयान पर लोग हंस पड़े। अजित पवार महाराष्ट्र की राजनीति में करीब चार दशक पूरे कर चुके हैं। डिप्टी सीएम के तौर कई बार काम करने के बाद वह सीएम की कुर्सी तक नहीं पहुंच पाए हैं। 2009 के चुनावों में एनसीपी ने कांग्रेस से अधिक सीटें हासिल कीं। तब ऐसा लग रहा था कि अजित पवार यह जिम्मेदारी संभालेंगे। लेकिन, यह समझौता हुआ कि पद कांग्रेस को दिया जाएगा, जबकि एनसीपी को गृह सहित प्रमुख पद और अतिरिक्त विभाग मिलेंगे। अजित पवार के फिर इच्छा व्यक्त करने से राज्य की राजनीति गरमा गई है। शिवसेना (ठाकरे गुट) के नेता विनायक राऊत ने सीधे तौर पर अजीत पवार को मुख्यमंत्री पद की पेशकश की है और कहा है कि उन्हें महायुति छोड़कर महाविकास आघाड़ी में शामिल हो जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### नदी में डूबने से दो सगे भाइयों की गई जान

**बहराइच।** बहराइच जिले के नानपारा क्षेत्र में सरयू नदी में डूबने



से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। नानपारा थाना क्षेत्र के सरैया निवासी सगे भाई अनुज (नौ) व मनोज (छह) सरयू नदी के दूसरी ओर गेहूं काटने गई अपनी मां चांदनी से मिलने जा रहे थे। नदी पार करने के लिए वहां नाव नहीं थी तो दोनों ने तैरकर नदी पार जाने का फैसला किया और नदी में छलांग लगा दी।

### बिजली का करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले में सोमवार सुबह एक मोटरसाइकिल के बिजली के तार के संपर्क में आ जाने से उस पर सवार 45 वर्षीय व्यक्ति और उसके बेटे की मौत हो गई। घटना हैदर नगर थाना क्षेत्र के खरगरा गांव में हुई। मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति और उसका 12 वर्षीय बेटा जेनरेटर सेट के लिए डीजल लाने गए थे। उन्होंने कहा, उनकी बाइक 11,000 वोल्ट के एक तार के संपर्क में आ गई जो टूटकर सड़क से होते हुए एक नहर में जा गिरा था।

### बाइक पेड़ से टकराई तीन लोगों की मौत

**हावड़ा।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में एक मोटरसाइकिल सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे




उस पर सवार दो किशोरों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मनोज घोष (30), रितेश घोष (16) और राकेश मंडल (16) के रूप में हुई है। यह दुर्घटना रविवार रात उस समय हुई जब उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल बगनान के पास एक पेड़ से टकरा गई ।

# पहले 5 शादियां, फिर छठवीं की तैयारी... प्रताड़ित पत्नी पहुंची थाने, तब सामने आई हेड कांस्टेबल की करतूत

मुंबई हलचल / चंडीगढ

हरियाणा पुलिस के एक हेड कांस्टेबल पर सरकारी स्कूल की शिक्षिका से धोखे से शादी करने, दहेज मांगने और शारीरिक शोषण करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता बरेली में सरकारी शिक्षिका है। पुलिस ने उसकी शिकायत के आधार पर हेड कांस्टेबल राहुल और उसके परिवार के दो सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले की जांच जारी है। इंस्पेक्टर विनय कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर पति, सास और जेठ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिक्षिका से धोखे से शादी करने, दहेज मांगने और शारीरिक शोषण करने के आरोप में केस दर्ज

### शादी के साल भर बाद पता चला पांचवीं पत्नी हूं

रश्मि तोमर ने बताया कि शादी के एक साल बाद महिला को जानकारी हुई कि उसके पति राहुल ने उससे पहले चार शादियां कर रखी हैं। जिसको लेकर जब उसने पति राहुल से बात तो वह लोग प्रताड़ति करने लगे। रश्मी ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले पता चला है कि उसके पति राहुल एक और महिला के संपर्क में हैं।



### बिना तलाक दिए कर रहा छठवीं शादी

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पति राहुल शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। बरेली जाकर भी हंगामा करता है। आरोप लगाया कि पति राहुल पहले से निशी निवासी इंचौली, सोनू निवासी नई मंडी मुजफ्फरनगर, मनोरमा देवी और शिवानी से चार शादी कर चुका है। मगर, किसी से भी तलाक नहीं लिया। अब मुजफ्फरनगर निवासी युवती से छठी शादी करने की फिराक में है।

मेरठ के कंकरखेड़ा के श्रद्धापुरी निवासी रश्मि तोमर बरेली के मीरगंज ब्लॉक के गुगई गांव में सहायक शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। उनके पिता वायुसेना से सेवानिवृत्त हैं। उनकी शादी वर्ष 2023 में मुजफ्फरनगर के बधाईकला गांव निवासी राहुल से हुई थी। राहुल वर्तमान में गुरुग्राम पुलिस मुख्यालय में समन सेल में तैनात है। शिक्षिका का आरोप है कि शादी के बाद से पति शराब पीकर अतिरिक्त दहेज की मांग करता है और मारपीट करता है। आरोप है कि जेठ प्रशांत कुमार व सास सतवीरी भी शिक्षिका से अभद्र व्यवहार करते हैं।

## देशभर में 15 जून को आयोजित होगी परीक्षा, परीक्षा केंद्र बढ़ाने की भी मांग

# नीट-पीजी दो पालियों में, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने सात चिकित्सकों की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की, जिन्होंने एक ही पाली में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2025 आयोजित करने के लिए देश भर में परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। न्यायालय ने याचिका पर एनबीईएमएस, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परिषद और केंद्र को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने के लिए कहा है। एनबीईएमएस को अनुमोदित विशेषज्ञताओं में स्नातकोत्तर और पोस्टडॉक्टोरल परीक्षाएं आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसके परिणामस्वरूप डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) और डॉक्टरेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीआरएनबी) और फेलो ऑफ नेशनल बोर्ड (एफएनबी) की उपाधि प्रदान की जाती है।

*सुप्रीम कोर्ट ने नीट-पीजी 2025 परीक्षा दो पालियों में आयोजित करने संबंधी अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। याचिका में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड को 15 जून को होने वाली परीक्षा एक ही पाली में आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, ताकि सभी उम्मीदवारों के लिए एक समान, पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा का माहौल सुनिश्चित किया जा सके।*

### अधिकारों का बताया उल्लंघन

याचिका में कहा गया है कि नीट-पीजी 2025 में चिकित्सा विशेषज्ञता की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इसमें कहा गया है कि दो पालियों में इतनी व्यापक परीक्षा आयोजित करना संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत उम्मीदवारों के अधिकारों का सीधे तौर पर उल्लंघन है। क्योंकि 'मॉडरेशन' और सामान्यीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के कारण प्रतियोगिता के न्यायसंगत, निष्पक्ष, उचित और बराबरी के आधार को बनाए रखना लगभग असंभव है।



### इधर, लाल किले पर कब्जे का दावा करने वाली याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक महिला की उस याचिका को खारिज कर दिया। इसमें उसने मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर-द्वितीय के प्रपौत्र की विधवा होने का दावा करते हुए कानूनी 'उत्तराधिकारी' होने के नाते लाल किले पर कब्जे का अनुरोध किया था। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने शुरू में याचिका को 'गलत धारणा' वाली और 'निराधार' करार दिया। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, शुरू में रिट याचिका दायर की गई थी जो गलत और निराधार है। इस पर विचार नहीं किया जा सकता। पीठ ने याचिकाकर्ता सुल्ताना बेगम के वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति नहीं दी।

### गैर बराबरी की संभावना

याचिकाकर्ताओं ने एनबीईएमएस द्वारा जारी 16 अप्रैल की अधिसूचना को चुनौती दी है, जिसमें कहा गया था कि नीट-पीजी 2025 परीक्षा 15 जून को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुकृति भटनागर और अभिष्ट हेला पेश हुए। याचिका में कहा गया है, दो पालियों में परीक्षा आयोजित करने से गैर बराबरी की संभावना है, क्योंकि विभिन्न पालियों में कठिनाई का स्तर अलग-अलग होगा, पारदर्शी और सटीक सामान्यीकरण प्रक्रिया की चुनौतियां होंगी और उम्मीदवारों के लिए तनाव और चिंता बढ़ेगी। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता सभी उम्मीदवारों के लिए प्रतिस्पर्धा के न्यायसंगत, निष्पक्ष, उचित और बराबरी के आधार को बनाए रखने के लिए नीट-पीजी 2025 को एक ही पाली में आयोजित करने के निर्देश का अनुरोध कर रहे हैं, क्योंकि इस परीक्षा में 0.1 अंक का अंतर भी एक उम्मीदवार की रैंक को सैकड़ों और हजारों तक बदल सकता है।

# ट्रक ने खड़े ट्रेलर को मारी टक्कर, जिंदा जला चालक

मुंबई हलचल / कोरबा

एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क में ब्रेकडाउन हालत में खड़े ट्रेलर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि चंद मिनटों में दोनों वाहनों में आग लग गई। इस हादसे में एक ट्रेलर का ड्राइवर केबिन में फंसकर जिंदा जल गया जबकि दूसरे ट्रेलर का चालक घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को काबू किया गया लेकिन तब तक दोनों वाहन पूरी तरह से जल चुके थे।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के काशीनगर कबीरनगर गली निवासी परमेश्वर मांझी 43 वर्ष पिता देवकरण मांझी



गेरवाघाट पुल के पास हादसा

टीपी नगर से ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीआर 4971 को लेकर कोयला लोड करने के लिए रविवार-सोमवार की दरमियानी रात ट्रक रानीअटारी खदान जा रहा था। रात लगभग 3 बजे वह गेरवाघाट पुल के आगे पहुंचा था कि तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे ब्रेकडाउन हालत में खड़े ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एवाय 0315 से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई।

### एक घंटे तक जाम

हादसा होने के बाद मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी, जिसके उपरांत सुबह लगभग 8 बजे दर्री पुलिस की टीम क्रेन लेकर मौके पर पहुंची। दोनों जले हुए ट्रक व ट्रेलर को सड़क किनारे कराया गया। इस दौरान लगभग 1 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

## नशे में धुत पिता ने बेटे को मारी गोली

**गोरखपुर।** यूपी के गोरखपुर जिले में एक सेवानिवृत्त होमगार्ड ने पर अपने बड़े बेटे की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी और उसकी पत्नी को घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि बड़हलगंज थानाक्षेत्र के चौतीसा गांव में हुई घटना के संबंध में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी हरि नारायण यादव ने शनिवार देर रात शराब के नशे में घरेलू विवाद के दौरान अपनी लाइसेंसी बंदूक से अपने बेटे अनूप (38) पर गोली चला दी।

## चाची के घर से लौट रही किशोरी से दुराचार का प्रयास

**नगराम।** नगराम कोतवाली में महिला ने बेटी के साथ दुराचार का प्रयास करने वाले आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। घटना के वक्त पीड़िता चाची के घर से टीवी देख कर वापस आ रही है। महिला के मुताबिक 15 वर्षीय बेटी शनिवार दोपहर घर के पास रहने वाली चाची के घर गई थी। टीवी देख कर लौट रही किशोरी को आलोक उर्फ सिद्धार्थ ने चारपाई बिछाने में मदद करने के बहाने से घर बुलाया। किशोरी के मकान में पहुंचते ही आरोपित छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। आलोक से बचने के लिए किशोरी ने उसके हाथ पर काट लिया। फिर मौका पाकर मकान से बाहर भाग निकली।



## कहने को जुड़वां बहनें, लेकिन दोनों को चाहिए एक ही बॉयफ्रेंड, तीनों रहेंगे साथ!

**सिडनी।** जुड़वां लोगों के बीच हमेशा से ही एक-दूसरे के साथ खास रिश्ता होता है। आइडेंटिकल ट्विन्स को छोड़ दें तो आमतौर जुड़वां लोगों की सोच, पसंद अलग-अलग होती है। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसी जुड़वां बहनों से मिलवाने जा रहे हैं, जो एक-दूसरे के साथ सबकुछ शेयर करती है। ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली ये लड़कियां आइडेंटिकल ट्विंस हैं और सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ अक्सर फोटो और वीडियो शेयर करती रहती है। लेकिन, हाल ही में इन लोगों ने कुछ ऐसा खुलासा किया, जिसके बारे में जानकर लोग हैरान है। इन जुड़वां बहनों का नाम एप्रिल मैडिसन और अमेलिया मैडिसन है, जो ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में रहती हैं। दोनों का कहना है कि हमारे बीच का रिश्ता बहुत ही मजबूत है। हम कपड़े भी एक जैसे पहनते है। ऐसे में अब हम चाहते हैं कि हमारा बॉयफ्रेंड भी एक ही हो। इन्होंने फ्यूचर प्लान भी बताया। 20 साल की जुड़वां बहनों ने अपने इस अनोखे फैसले के बारे में बताते हुए कहा कि वे एक ही बॉयफ्रेंड को शेयर करके 'थ्रपल' बनाना चाहती है। बता दें कि बचपन से ही ये बहनें एक-दूसरे के साथ बार्बी, साइकिल, कपड़े और मेकअप सब कुछ शेयर करती आई हैं और अब वे अपने सपनों का पुरुष भी साथ मिलकर चुनना चाहती है।

## कैदी से प्यार, जेल में की शादी, 4 सालों तक बीवी करती रही छूटने का इंतजार!

**लंदन।** कहते हैं, प्यार अंधा होता है। पर कई लोग प्यार में इतने अंधे हो जाते हैं कि वो इंसान को ही नहीं पहचान पाते। ऐसी ही गलती ब्रिटेन की एक महिला ने भी की, जब उसे विदेशी कैदी से प्यार हो गया। दोनों के बीच बातें होने लगीं, उसे वो इतना पसंद आ गया कि महिला ने विदेश जाकर कैदी से जेल में ही शादी कर ली और उसके साथ जिंदगी बिताने के इंतजार में छूटने की राह देखने लगी। पर जब लगभग 4 साल बाद पति छूटा, तो उसने ऐसा कांड कर दिया, कि वो बीवी के मन से उतर गया और महिला सब



कुछ छोड़छाड़कर स्वदेश लौट गई। एक रिपोर्ट के अनुसार एमा ब्रैडफोर्ड 33 साल की हैं और ब्रिटेन की रहने वाली है। हाल ही में अमेरिकी रिएलिटी सीरीज प्रिज़न ब्राइड में शामिल हुईं जिसमें उन्होंने अपनी लाइफ के बारे में एक चौंकाने वाली बात बताई. एमा को अमेरिका के एक कैदी कर्टिस से प्यार हो गया था। दरअसल, अमेरिका की जेलों में पेन-पाल प्रोग्राम चलते हैं, जिसके तहत बाहरी लोग कैदियों को चिट्ठी लिख सकते हैं और कैदी भी उनका जवाब दे सकते है। बस इसी प्रोग्राम के तहत एमा की बातचीत कर्टिस से साल 2021 में शुरू हुई थी। कर्टिस 7 सालों के लिए जेल में बंद थे क्योंकि वो किसी व्यक्ति से कार छीनकर चुराने के आरोप में दोषी करार दिए गए थे। एमा के मन में उनके लिए प्यार जागने लगा। दोनों के बीच फोन से बातें शुरू हो गईं। 8 महीनों बाद एमा अमेरिका पहुंच गईं और अपने प्रेमी से पहली बार मुलाकात की।

### रेटिंग एजेंसी मूडीज ने जारी की रिपोर्ट

# तनाव बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर पड़ेगा असर, भारत अपेक्षाकृत रहेगा अछूता : मूडीज

मुंबई हलचल / नई दिल्ली


रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने 'भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर' शीर्षक से सोमवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि उसे भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न होने के आसार नहीं दिखते क्योंकि पाकिस्तान के साथ उसके आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं।

## भारत की कुल निर्यात में हिस्सेदारी 0.5 से भी कम

वर्ष 2024 में भारत के कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत से भी कम रही थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों के पर्यटकों पर किए हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। भारत ने पहलगाम में हुए नरसंहार के पीछे तीन पाकिस्तानी नागरिकों सहित पांच आतंकवादियों की पहचान की है ।

## पाक की आर्थिक स्थिरता बाधित होगी

मूडीज ने कहा, '' भारत के साथ तनाव निरंतर बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर पड़ेगा और सरकार के मौजूदा राजकोषीय समेकन में बाधा आएगी, जिससे पाकिस्तान की व्यापक आर्थिक स्थिरता हासिल करने की प्रगति बाधित होगी।'' इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि पाकिस्तान की वृहद आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, वृद्धि दर धीरे-धीरे बढ़ रही है, मुद्रास्फीति घट रही है और आईएमएफ कार्यक्रम में निरंतर प्रगति के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि हो रही है।




*भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ी आर्थिक बाधा उत्पन्न नहीं होगी। हालांकि, यह पाकिस्तान के लिए झटका होगा क्योंकि इससे उसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और उसकी वृद्धि दर प्रभावित हो सकती है।*



## आईएमएफ वित्तपोषण व्यवस्था का मूल्यांकन करेगा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का कार्यकारी बोर्ड नौ मई को पाकिस्तानी अधिकारियों से मिलने वाला है, जिसमें जलवायु परिवर्तन ऋण कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर की नई वित्तपोषण व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। यह मौजूदा सात अरब अमेरिकी डॉलर के 'राहत' पैकेज का भी मूल्यांकन करेगा।

## भारत आईएमएम से पाक को दिए धन की जांच के लिए कहेगा

सूत्रों ने बताया कि भारत आईएमएफ सहित वैश्विक बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दिए गए धन व ऋण की फिर से जांच करने के लिए कहेगा। मूडीज ने कहा कि भारत में वृहद आर्थिक स्थितियां स्थिर रहेंगी, जो मजबूत सार्वजनिक निवेश तथा स्वस्थ निजी खपत के बीच धीमी लेकिन अब भी उच्चस्तर की वृद्धि से मजबूत होंगी।


- पाक का विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है
- पाकिस्तान की वृद्धि दर भी हो सकती है प्रभावित
- भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई व्यवधान नहीं आएगा

*पाक के लिए बाहरी धन जुटाना होगा कठिन : मूडीज ने कहा, '' तनाव लगातार बढ़ने से पाकिस्तान की बाह्य वित्तपोषण तक पहुंच बाधित हो सकती है तथा उसके विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ सकता है जो अगले कुछ वर्षों के लिए उसके बाह्य ऋण भुगतान की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक स्तर से काफी कम है।''*

*भारत के राजकोषीय ताकत पर भार पड़ेगा : रेटिंग एजेंसी ने कहा, '' स्थानीय तनाव में निरंतर वृद्धि के परिदृश्य में, हम भारत की आर्थिक गतिविधियों में बड़े व्यवधान के आसार नहीं देखते हैं, क्योंकि पाकिस्तान के साथ भारत के आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं। हालांकि, उच्च रक्षा खर्च संभावित रूप से भारत की राजकोषीय ताकत पर भार डालेगा और इसके राजकोषीय समेकन को धीमा कर देगा।''*

# ... अब 9 बच्चों की मां की लव स्टोरी, मेहंदी वाले से हुआ प्यार; बेटे से भी कम उम्र प्रेमी संग रहने पर अड़ी

**शाहजहांपुर।** उम्र और रिश्तों की मर्यादा भूलकर मोहब्बत के नाम पर मनमर्जी के एक से बढ़कर एक किस्से सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला यूपी के शाहजहांपुर में सामने आया है जहां नौ बच्चों की एक मां का दिल मेहंदी लगाने वाले 20 साल के लड़के पर आ गया। लड़के की उम्र महिला के बड़े बेटे की उम्र से भी कम है। महिला अपने परिवार को छोड़कर प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ गई है। उसकी इस जिद से महिला का परिवार तो परिवार गांववाले और खुद प्रेमी भी हैरान-परेशान हो गया है। महिला, इस रिश्ते का विरोध करने वालों को आत्महत्या की धमकी दे रही है। मामला शाहजहांपुर के जलालाबाद तहसील क्षेत्र के एक गांव का है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां नौ बच्चों की मां का मेहंदी लगाने वाले 20 साल के एक लड़के पर दिल आ गया। महिला अब अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ गई है। एक हफ्ते पहले महिला अपने प्रेमी के घर पहुंच गई थी। किसी तरह



परिवारवालों ने उसे बुलाया और तब यह मामला पुलिस के पास पहुंचा। बताया जा रहा है कि पुलिस के सामने भी हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। पता चला कि महिला दो बेटों और एक बेटी की शादी भी हो चुकी है। उसके एक बेटे के भी दो बच्चे हैं। जिस युवक से महिला अपने प्रेम का दावा कर रही है उसकी भी शादी तय हो चुकी है। छह मई को उसकी बारात जानी है। युवक महिला के पड़ोस के ही एक गांव का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि मेहंदी लगाने वाले इस युवक का महिला के गांव में आना-जाना था। इसी के चलने दोनों के बीच संबंध हो गया। महिला का पति एक ईंट-भट्ठे पर काम करता है। उसका कहना है कि एक दिन उसने और उसकी बहू ने पत्नी को उस युवक के साथ लेटे देख लिया। सबने इस पर एतराज किया लेकिन महिला और उसके प्रेमी का रिश्ता जारी रहा। दोनों अक्सर साथ-साथ दिखने लगे। इस पर महिला के पति और बेटे ने सख्ती की तो 29 अप्रैल को दो छोटे बच्चों को साथ लेकर महिला अपने प्रेमी के साथ चली गई। परिवारवालों के मुताबिक काफी समझाने-बुझाने पर महिला अपने प्रेमी के साथ गांव में लौट तो आई लेकिन घर में रहने को तैयार नहीं हुई। इसके बाद मामला पुलिस के पास पहुंचा। सबने महिला को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मानी।

# ये 7 हर्बल टी शरीर को रखती हैं स्वस्थ आप भी करें ट्राई

भारत में लगभग 90 प्रतिशत लोग सुबह नाश्ता करने से पहले टी या चाय पीना पसंद करते हैं। ज्यादातर लोग तो इसको पीए बिना दिन की शुरूआत ही नहीं कर पाते। चाय पीने की आदत पड़ जाए तो लोग इसे पीए बिना रह भी नहीं सकते। इसके बिना कुछ लोगों को सिर दर्द और थकावट महसूस होने लगती है। बहुत से लोगों का यह भी मानना है कि चाय पीने से शरीर में चुस्ती बनी रहती है। चाय भी बहुत प्रकार की होती हैं जैसे ब्लैक टी, ग्रीन टी, व्हाइट टी, लेमन टी, कैमोमाइल आदि। अलग- अलग प्रकार और अलग स्वाद होने के साथ- साथ इनको पीने से कई तरह के फायदे भी होते हैं। आइए जानते हैं अलग-अलग तरह की चाय पीने से मिलने वाले अलग-अलग फायदों को बारे में।

**1. ब्लैक टी**

रोजाना एक कप काली चाय पीने से शरीर स्वस्थ रहता है। इसका सेवन करने से दिल संबंधित समस्याएं नहीं होती। काली चाय से डायबिटीज होने का खतरा कम होता है। यह दिमाग की कोशिकाओं को ठीक रखता है। इसको पीने से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना कम होने के साथ ही यह मुंह के कैंसर को रोकने में भी मददगार होता है। जिन लोगों का पांचन तंत्र ठीक नहीं रहता उन्हें रोजाना 1 कप काली चाय



पीनी चाहिए। इसके साथ ही इसको अपनी डाइट में शामिल करने से प्रोस्टेट, ओवेरियन और फेफड़ों के कैंसर से बचा जा सकता है।

**2. ग्रीन टी**

मोटापे की समस्या से निजात दिलाने के लिए ग्रीन टी फायदेमंद है। ग्रीन टी पीने से बुढ़ापा जल्दी नहीं आता। रोजाना इसका सेवन करने से कैंसर से लड़ने की शक्ति मिलती है। हड्डियों को मजबूत करने के लिए ग्रीन टी पीनी चाहिए। इस बात का ध्यान रख कि कभी भी खाली पेट इसका सेवन न करें। आप दोपहर के खाने के बाद इसको पी सकते हैं।

**3. व्हाइट टी**

व्हाइट टी एक प्रकार की हर्बल चाय है यह Camellia sinensis plant से बनती है। इसमें पाएं जाने वाले एंटी एजिंग गुण त्वचा को हमेशा जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा इसको पीने से चेहरे पर झुर्रियां भी नहीं आती। व्हाइट टी ब्लड सकुर्लेशन को सही करने और हार्ट को हेल्दी रखने में सहायक है। रोजाना केवल 3 से 4 कप सफेद टी ही पीनी चाहिए। इससे ज्यादा पीने से स्वास्थ्य को नुकसान भी हो सकता है।

**4. लेमन टी**

जिन लोगों के मुंह से बदबू आती है उनको रोजाना इसका सेवन करना चाहिए। इससे मुंह से आने वाली दूर्गंध दूर हो जाएगी। इसके साथ ही गले में खराश होने पर भी इसको पीने से फायदा मिलता है। पेट संबंधित समस्याओं से निजात पाने के लिए दिन में 1 कप लेन टी पीएं। अल्सर की समस्या होने पर लेमन टी का सेवन करने से बचें।

**5. स्टार अनीस टी**

स्टार अनीस टी कब्ज, एसीडिटी, उल्टी, दस्त, पेट से संबंधित समस्याओं को दूर करता है। दिन में 1 कप स्टार अनीस टी पीने से पांचन तंत्र में सुधार आने से व्यक्ति की सेहत भी बनने लगती है।

**6. रोज टी**

इसके नाम से ही पता चलता है कि यह गुलाब के पत्तों से बनी है। इसका सेवन करने पेट की परेशानियां दूर होती है और चहरे पर निखार भी आता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन बी3, विटामिन सी, विटामिन डी, विटामिन ई होता है, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**7. कैमोमाइल टी**

कैमोमाइल टी पीने से नींद ना आने सी समस्या दूर होने के साथ ही इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। सर्दी-जुकाम होने पर इसको पीने से फायदा मिलता है। पीरियड के दिनों में इसका सेवन करने से पीरियड में होने वाली पेन से भी राहत मिलती है।

**जरूरी बात**

अगर आप ने इसका सेवन पहले नहीं किया है और इसको पीने से कोई परेशानी हो रही हो तो एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें। जरूरी नहीं कि जो चीज किसी और को सूट करें वो आपके के लिए भी बेहतर हो।

## आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर है अश्वगंधा, दूर करें कई बीमारियां

आयुर्वेदिक औषधि गुणों से भरपूर अश्वगंधा का इस्तेमाल कई बीमारियों को दूर करने के लिए किया जाता है। अश्वगंधा को तेल, कैप्सूल और पाउडर के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। कई रोगों की आयुर्वेदिक दवाइयां बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली अश्वगंधा का सेवन व्हाइट डिस्चार्ज, हाई ब्लड प्रैशर, कैंसर, आंखो की रोशनी बढ़ाने, टीबी और अस्थमा की समस्या को दूर करता है। आज हम आपको बताएंगे कि आपको अश्वगंधा का सेवन कितनी मात्रा और किस तरह करना चाहिए, जिससे कि आप बीमारियों को दूर कर सकें। तो चलिए जानते है आयुर्वेदिक औषधि गुणों से भरपूर अश्वगंधा के चमत्कारी फायदे और सेवन करने का तरीके के बारे में।

1. कैंसर


रोजाना इसके कैप्सूल या पाउडर का सेवन शरीर में कैंसर सेल्स को मारने का काम करता है। अगर आपको कैंसर है, तो अश्वगंधा का सेवन से आप उसको दूर कर सकते हैं।

2. दिल के रोग

अश्वगंधा कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल करके हृदय की माशपेशियों को मजबूत बनाता है। एक शोध के अनुसार इसका सेवन दिल के रोगों और हार्ट अटैक के खतरे को कम करता है।

3. अस्थमा

रोज 1 कैप्सूल या 1 चम्मच अश्वगंधा पाउडर



का सेवन अस्थमा की समस्या को दूर करता है। इसके अलावा यह इम्यून सिस्टम को बढ़ा खांसी, कमजोरी, कफ, गठिया जैसे रोगों को भी दूर करने में मददगार होता है।

4. हाई ब्लड प्रेशर

1 गिलास दूध में इसका पाउडर मिलाकर पीने से बीपी और हाई ब्लड प्रेशर की प्रॉब्लम दूर होती है। नियमित रूप से इसका सेवन डायबिटीज को भी दूर करता है।

5. पेट इंफेक्शन

अश्वगंधा, मिश्री और सोंठ को मिलाकर गर्म पीने के साथ खाने से कब्ज, पेट दर्द, इंफेक्शन और अल्सर की समस्या दूर हो जाती है।

6. व्हाइट डिस्चार्ज

1/2 अश्वगंधा पाउडर को गर्म पानी के साथ मिलाकर नियमित सेवन करने से व्हाइट डिस्चार्ज की समस्या दूर हो जाती है।

7. आंखों की रोशनी

आंखों की रोशनी तेज करने के लिए अश्वगंधा, मुलेठी और आंवला को मिलाकर रोजाना सेवन करें। इससे अलावा रोजाना इसका 1 कैप्सूल खाने से भी आंखों की रोशनी तेज होती है।

8. इम्यून सिस्टम मजबूत

रोजाना इसके 1 काप्सूल का सेवन इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। इसके अलावा टीबी की समस्या होने पर भी इसके कैप्सूल या पाउडर का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

## स्टीम फेशियल के लिए पानी में मिलाएं ये हर्ब्स, मिलेगा निखार

आजकल लड़कियां डेड स्किन से छुटकारा पाने और खूबसूरती बढ़ाने के लिए स्टीम फेशियल करवाती है। कुछ महिलाएं तो पार्लर जाने की बजाए घर पर ही स्टीम फेशियल करवा पसंद करती है लेकिन कई बार इससे चेहरे पर निखार नहीं आता। आज हम आपको कुछ ऐसे हर्ब्स के बारे में बताने जा रहें है जिससे आपके चेहरे पर पार्लर से भी ज्यादा ग्लो आएगा। इन हर्ब्स को पानी में मिलाकर भाप लेने के बाद फेशियल करने से आपके चेहरे पर दोगुना ग्लो आ जाता है। तो आइए जानते है किस तरह हर्ब्स की मदद से आप चेहरे को ग्लोइंग और खूबसूरत बना सकती हैं।

**1. सौंफ का तेल**

इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स 30 की उम्र के बाद दिखने वाले प्रभाव को कम कर देता है। स्टीम फेशियल करते समय पानी में इस तेल को मिक्स करें। इसके बाद भाप लें और फेशियल करने के बाद फेस मास्क और फिर मॉइश्चराइजर लगाएं।

**2. लैवेंडर ऑयल**

एंटीफंगल, एंटीसेप्टिक और एंटीइंफ्लेमेंटरी गुणों के कारण यह चेहरे के लिए बहुत अच्छा होता है। स्टीम फेशियल में इसका इस्तेमाल स्किन को फ्री-रेडिकल डैमेज से बचाता है।

**3. पार्स्ले**

पार्स्ले ऑयल नैचुरल एंस्ट्रिंजेन्ट होता है, जिससे एक्ने की समस्या जड़ से खत्म हो जाती है। फ्रेश पार्स्ले को पानी में डालकर उबाल लें और इसके बाद चेहरे को भाप दें।

**4. टी-ट्री ऑयल**

इसे पानी में डालकर करीब 10-15 मिनट तक भाप लें। इसके बाद फेशियल करके मॉइश्चराइजर अप्लाई करें। हफ्ते में 1 बार इसका इस्तेमाल एक्ने और डार्क स्पोट्र्स की समस्या को खत्म करता है।

**5. सैंडलवुड या कैमोमाइल**

इसमें मौजूद हाईड्रेटिंग और एंटी-इंफ्लेमेंटरी ड्राय स्किन की समस्याओं को खत्म करती है। सैंडलवुड को कैमेमाइल एसेंशियल ऑयल में मिलाकर पानी में डालें और भाप लें। इससे आपका चेहरा हेल्दी और ग्लोइंग हो जाएगा।





दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




# 77 की उम्र में मुमताज का बड़ा ऐलान

**कमाल** के फिल्मी करियर के दम पर सिनेमा जगत में अपनी खास पहचान बनाने वाली मुमताज को आज हर कोई जानता है। उन्होंने 60 और 70 के दशक में लोगों के दिलों पर खूब राज किया है। इसी बीच दिग्गज अदाकारा मुमताज एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, 77 साल की उम्र में जहां अधिकतर कलाकार रिटायरमेंट की ज़िंदगी जी रहे होते हैं, वहीं मुमताज ने एक्टिंग की दुनिया में कमबैक का मन बना लिया है। हालांकि, इस वापसी के साथ उन्होंने फिल्म मेकर्स के सामने एक बड़ी शर्त भी रख दी है। मालूम हो, सबसे सफल और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में शुमार मुमताज ने 60 और 70 के दशक में कई सुपरहिट फिल्में दीं। उन्होंने राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और दारा सिंह जैसे दिग्गज अभिनेताओं के साथ स्क्रीन शेयर कर अपनी अलग पहचान बनाई। 1990 में आई फिल्म आंधियां के बाद मुमताज ने एक्टिंग से दूरी बना ली थी और लंबे समय तक लाइमलाइट से दूर रहीं। मुमताज ने अपनी वापसी को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं फिल्मों में बूढ़ी औरत या मां के किरदार करने वाली नहीं हूं। मैं जैसी दिखती हूं, वैसा ही रोल करना चाहती हूं। उन्होंने ये भी बताया कि अभी तक उन्हें उनकी उम्मीदों के मुताबिक कोई ऑफर नहीं मिला है। वे चाहती हैं कि उनका किरदार उनकी पर्सनालिटी और स्क्रीन प्रेजेंस के अनुसार हो, न कि सिर्फ उम्र के आधार पर। मुमताज का कहना है कि अगर उन्हें सही कहानी और किरदार मिलता है तो वह जरूर वापसी करेंगी, लेकिन किसी भी हाल में सिर्फ उम्रदराज महिला या मां का स्टीरियोटाइप किरदार निभाने को तैयार नहीं हैं।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' में मौनी रॉय की एंट्री!

बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता वरुण धवन इन दिनों अपने करियर की नई ऊंचाइयों पर हैं। बेबी जॉन के बाद अब वह एक के बाद एक बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं, जिनमें कई हिट फिल्मों के सीक्वल भी शामिल हैं। खास बात यह है कि वरुण अपने पिता और मशहूर डायरेक्टर डेविड धवन के साथ भी एक बार फिर काम करने जा रहे हैं। फिल्म का टाइटल है है जवानी तो इश्क होना है, जो एक कॉमेडी ड्रामा होगी। दरअसल, इस फिल्म का निर्देशन खुद डेविड धवन कर रहे हैं और इसका निर्माण रमेश तौरानी अपने प्रोडक्शन हाउस टिप्स फिल्म्स के बैनर तले कर रहे हैं। डेविड धवन की कॉमेडी फिल्मों का दर्शकों के बीच हमेशा खास क्रेज रहा है, और अब इस फिल्म से वह निर्देशन में वापसी कर रहे हैं, जिससे फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई है। फिल्म इन दिनों खास चर्चा में है, और इसकी वजह है एक खास एक्ट्रेस की एंट्री। इस फिल्म में मौनी रॉय नजर आने वाली हैं। 39 वर्षीय मौनी फिल्म में कॉमेडी और ग्लैमर का तड़का लगाने के लिए तैयार हैं। हालांकि मौनी की एंट्री को अभी ऑफिशियल नहीं किया गया है, लेकिन वरुण धवन के हाल ही में शेयर किए गए एक वीडियो ने इस खबर को लगभग कन्फर्म कर दिया है। वीडियो में वरुण, मौनी रॉय और मृणाल ठाकुर के साथ नजर आ रहे हैं। क्लिप में देखा जा सकता है कि मृणाल ने मजाक करते हुए वरुण के दोनों जूतों की लेस एक साथ बांध दी, जिससे वह गिरते-गिरते बचे। इस वीडियो से साफ है कि मौनी और मृणाल फिल्म के सेट का हिस्सा हैं।





# 16 मई को नहीं रिलीज होगी सुनील शेट्टी की केसरी वीर

**सोमनाथ मंदिर** पर हुए हमले की ऐतिहासिक कहानी पर आधारित फिल्म केसरी वीर में सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली और विवेक ओबरॉय बेहद अलग लुक में नजर आ रहे हैं। इन तीनों के ही लुक को दर्शकों ने काफी पसंद किया है और फिल्म का दर्शक इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 16 मई को रिलीज होने वाली थी लेकिन फिल्म रिलीज होने के ठीक 11 दिन पहले फिल्म मेकर्स की तरफ से रिलीज डेट बदल दी गई है। फिल्म को पोस्टपोन कर दिया गया है। आइए जानते हैं केसरी वीर फिल्म अब किस दिन रिलीज होगी? केसरी वीर फिल्म के मेकर्स ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए केसरी वीर फिल्म की रिलीजिंग डेट पोस्टपोन होने की जानकारी शेयर की है। चौहान स्टूडियो ऑफिशल नाम के इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट जारी कर के केसरी वीर फिल्म की नई रिलीजिंग डेट का ऐलान भी किया गया है। केसरी वीर फिल्म 16 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 23 मई को सिनेमाघर में दस्तक देगी।